मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड, भोपाल का त्रैमासिक न्यूज लेटर

# जैवविविधता

अंक – 2

जुलाई – सितम्बर 2023

## संपादकीय



**डॉ अतुल श्रीवास्तव**
**प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं सदस्य सचिव**

जैवविविधता अधिनियम, 2002, एवं मध्यप्रदेश जैवविविधता नियम, 2004 तथा जैविक संसाधनों तक पहुँच और सहयुक्त जानकारी तथा फायदा बंटाना विनियम, 2014 (विनियम, 2014) के प्रावधानों के अंतर्गत जैवविविधता संरक्षण एवं संवर्धन, जैवसंसाधनों का संवहनीय उपयोग तथा लाभों का साम्यपूर्ण प्रभाजन के क्रियान्वयन हेतु जैवविविधता प्रबंधन समितियों का गठन प्रावधानित है। इस हेतु प्रदेश में जैवविविधता अधिनियम, 2002 की धारा 41 (1) एवं मध्य प्रदेश जैवविविधता नियम, 2004 के नियम 23 (1) के प्रावधानों के अंतर्गत प्रत्येक स्थानीय निकाय स्तर (पंचायत एवं नगरीय निकाय) पर 23,557 जैवविविधता प्रबंधन समितियों का गठन किया गया है।

जैवविविधता नियम, 2004 (केन्द्र) के नियम 22 (6) तथा मध्यप्रदेश जैवविविधता नियम, 2004 के नियम 23 (9) अनुसार जैवविविधता प्रबंधन समिति का मुख्य कार्य स्थानीय लोगों के परामर्श से लोक जैवविविधता पंजी का अद्यतनीकरण किया जाना प्रावधानित है। लोक जैवविविधता पंजी में स्थानीय जैविक संसाधनों की उपलब्धता और ज्ञान, उनके औषधीय या किसी अन्य उपयोग या उनसे जुड़े किसी भी अन्य पारंपरिक ज्ञान की व्यापक जानकारी का समावेश किया गया है। बोर्ड द्वारा जैवविविधता प्रबंधन समितियों को लोक जैवविविधता पंजी के अद्यतन कार्य हेतु मार्गदर्शन तथा तकनीकी सहायता प्रदान की जा रही है। इसके साथ ही मैदानी स्तर के जैवविविधता से सरोकार रखने वाले विभागों द्वारा डिजिटल एवं डायनामिक लोक जैवविविधता पंजी को निरंतर अपडेट किये जाने में सहयोग प्रदान किया जा रहा है। जैवविविधता सरंक्षण एवं संवर्धन तथा लोक जैवविविधता पंजी अद्यतन कार्य में स्थानीय समुदाय, स्थानीय निकायों, जैवविविधता प्रबंधन समितियो एवं जैवविविधता से साझा सरोकार रखने वाले विभागों द्वारा सक्रिय सहयोग प्रदान किया जायेगा।

जैवविविधता अधिनियम, 2002, एवं जैवविविधता नियम, 2004 के उदेश्य अनुसार जैवसंसंसाधनों से उदभूत लाभों के साम्यपूर्ण प्रभाजन किया जाना प्राधानित है। इस परिप्रेक्ष्य में प्रावधान अनुसार जैवसंसाधनों का वाणिज्यिक उपयोग करने वाले व्यापारी एवं विनिर्माताओं द्वारा साम्यापूर्ण लाभ प्रभाजन की राशि बोर्ड प्रदान की जा रही है।

लोक जैवविविधता पंजी अद्यतन कार्य तथा लाभ प्रभाजन की राशि से मैदानी स्तर पर जैवविविधता संरक्षण का कार्य हेतु स्थानीय निकायों पर गठित जैवविविधता प्रबंधन समितियों का सक्रियकरण आवश्यक है। जैवविविधता से साझा सरोकार रखने वाले मैदानी स्तर के विभागों (वन, कृषि, पशुपालन, मत्स्यपालन एवं उद्यानिकी) द्वारा जैवविविधता प्रबंधन समितियों के सक्रियकरण में सक्रिय सहयोग प्रदान किये जाने की अपेक्षा है।

**शुभकामनाओं सहित।**

**(डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव)**
**सदस्य सचिव**

# दस्तावेजीकरण

## 1. लोक जैवविविधता पंजी अद्यतनीकरण कार्य

प्रदेश में स्थानीय निकाय स्तर पर जैवविविधता प्रबंधन समितियों के सहयोग से लोक जैवविविधता पंजी अद्यतीनकरण कार्य किया जा रहा है। इस कार्य में क्षेत्र में महाविद्यालय/विद्यालय में पादप जैवविविधता के विषय–विशेषज्ञ/व्याख्याताओं के तकनीकी सहयोग से लोक जैवविविधता पंजी का अद्यतनीकरण कार्य किया जा रहा है।

इस परिप्रेक्ष्य में जनपद पंचायत क्षेत्र की 9 एवं ग्राम पंचायत क्षेत्र की 8 लोक जैवविविधता पंजी सहित कुल 17 लोक जैवविविधता पंजी का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है। जिसका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है–

| क्र | निकाय स्तर | लोक जैवविविधता पंजी अद्यतनीकरण पूर्ण उपरांत बोर्ड में जमा पंजी संख्या |
|---|---|---|
| 1. | जनपद पंचायत | 9 |
| 2. | ग्राम पंचायत | 8 |
| | कुल | **17** |

| क्र. | जिला | स्थानीय निकायनगरीय निकाय/पंचायत | बोर्ड में पंजी जमा दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1. | सागर | जनपद पंचायत – बण्डा | 04.07.2023 |
| 2. | सागर | जनपद पंचायत – बीना | 20.07.2023 |
| 3. | शाजापुर | जनपद पंचायत – कालापीपल | 05.07.2023 |
| 4. | नर्मदापुरम | जनपद पंचायत – केशला | 21.07.2023 |
| 5. | नर्मदापुरम | जनपद पंचायत – नर्मदापुरम | 21.07.2023 |
| 6. | सतना | जनपद पंचायत – नागौद | 02.08.2023 |
| 7. | जबलपुर | ग्राम पंचायत – हटौली | 03.08.2023 |
| 8. | जबलपुर | ग्राम पंचायत – पोला | 03.08.2023 |
| 9. | जबलपुर | ग्राम पंचायत – दर्शनी | 03.08.2023 |
| 10. | जबलपुर | ग्राम पंचायत – नंदग्राम | 03.08.2023 |
| 11. | सतना | जनपद पंचायत – रामनगर | 22.08.2023 |
| 12. | छतरपुर | जनपद पंचायत – बड़ामलहरा | 04.09.2023 |
| 13. | छिन्दवाड़ा | ग्राम पंचायत – ग्वारीमाल | 12.09.2023 |
| 14. | छिन्दवाड़ा | ग्राम पंचायत – गड़ेवानी | 12.09.2023 |
| 15. | छिन्दवाड़ा | ग्राम पंचायत – धनेगॉव | 12.09.2023 |
| 16. | छिन्दवाड़ा | ग्राम पंचायत – चकारा | 12.09.2023 |
| 17. | दमोह | जनपद पंचायत– पथरिया | 22.09.2023 |



जैवविविधता प्रबंधन समिति– जनपद पंचायत – पथरिया जिला दमोह की लोक जैवविविधता पंजी अद्यतीनकरण कार्य उपरांत बोर्ड में दिनांक 22.09.2023 को जमा किया गया।



जैवविविधता प्रबंधन समिति– ग्राम पंचायत– हटौली, पोला, दर्शनी, एवं नंदग्राम जिला –जबलपुर की लोक जैवविविधता पंजी अद्यतीनकरण कार्य उपरांत बोर्ड में दिनांक 03.08.2023 को जमा किया गया।




शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय – शाजापुर द्वारा लोक जैवविविधता पंजी अद्यतनीकरण कार्य पूर्ण उपरांत दिनांक 05.07.2023 को बोर्ड में पंजी जमा की गई।

## 2. जैवविविधिता प्रबंधन समितियों का सक्रियकरण

प्रदेश में जैवविविधता जागरूकता एवं लोक जैवविविधता पंजी का अद्यतनीकरण के उद्देश्य से स्थानीय निकाय स्तर पर गठित जैवविविधता प्रबंधन समितियों 16 सक्रियकरण बैठक का निम्नानुसार आयोजन किया गया –

**जैवविविधता प्रबंधन समिति की बैठक**

| क्र. | निकाय स्तर | समिति बैठक संख्या |
|---|---|---|
| 1. | जनपद पंचायत | 7 |
| 2. | ग्राम पंचायत | 7 |
| 3. | नगर पालिका | 02 |
| | **कुल** | **16** |

| स. क्र. | जिला | स्थानीय निकाय नगरीय निकाय / पंचायत | बैठक दिनांक | प्रतिभागी संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1. | नर्मदापुरम | जनपद पंचायत – केसला | चतुर्थ बैठक 04.07.2023 | 15 |
| 2. | नर्मदापुरम | जनपद पंचायत – नर्मदापुरम | चतुर्थ बैठक 04.07.2023 | 13 |
| 3. | पन्ना | ग्राम – पंचायत – खजरीपुरा | द्वितीय बैठक 05.07.2023 | 12 |
| 4. | पन्ना | ग्राम – पंचायत – ढलानचौकी | द्वितीय बैठक 09.07.2023 | 11 |
| 5. | पन्ना | ग्राम – पंचायत – बराच | द्वितीय बैठक 10.07.2023 | 12 |
| 6. | पन्ना | ग्राम – पंचायत – लक्ष्मीपुर | द्वितीय बैठक 11.07.2023 | 10 |
| 7. | पन्ना | ग्राम – पंचायत – पवई | द्वितीय बैठक 11.07.2023 | 13 |
| 8. | अशोकनगर | नगर पालिका – अशोकनगर | प्रथम बैठक 12.08.2023 | 15 |
| 9. | सतना | जनपद पंचायत – नागौद | चतुर्थ बैठक 17.08.2023 | 14 |
| 10. | दतिया | नगर पालिका – दतिया | प्रथम बैठक 17.08.2023 | 12 |
| 11. | सतना | जनपद पंचायत – रामपुर बघेलान | तृतीय बैठक 18.08.2023 | 14 |
| 12. | आगर मालवा | जनपद पंचायत – आगर मालवा | चतुर्थ बैठक 12.09.2023 | 11 |
| 13. | बुरहानपुर | ग्राम पंचायत – हसनपुरा | द्वितीय बैठक 12.09.2023 | 12 |
| 14. | बुरहानपुर | ग्राम पंचायत – भसड़ | द्वितीय बैठक 12.09.2023 | 13 |
| 15. | सतना | जनपद पंचायत – रायपुर कर्चुलियान | चतुर्थ बैठक 19.09.2023 | 15 |
| 16. | सतना | जनपद पंचायत – मैहर | चतुर्थ बैठक 21.09.2023 | 14 |





**जैवविविधता प्रबंधन समिति – जनपद पंचायत – नागौद, जिला सतना दिनांक 12.08.2023 को प्रथम बैठक आयोजित की गई।**




**जैवविविधता प्रबंधन समिति नगर पालिका – अशोकनगर जिला – अशोकनगर दिनांक 12.08.2023 को प्रथम बैठक आयोजित की गई।**

## पादप जंतुओं की संकटग्रस्त प्रजातियों के संरक्षण

जैवविविधता अधिनियम, 2002 की धारा 38 के अंतर्गत प्रदेश की विलुप्तप्राय/संकटापन्न प्रजातियों को Threat Status अनुसार चिहिन्त करने हेतु प्रारूप दिशानिर्देश तथा उक्त प्रजातियों को अधिसूचित किये जाने हेतु सूची तैयार किये जाने के उद्देश्य से Expert Committee for RET (Rare) Endemic and Threatened species समिति का गठन (मध्यप्रदेश जैवविविधता नियम, 2004 के नियम 13 के प्रावधानों के अंतर्गत) दिनांक 15.02.2022 एवं 31.08.2023 (संशोधित) का अनुमोदन मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड की क्रमशः 19वीं एवं 20वीं संचालक मण्डल की बैठक में किया गया।

उक्त विषय–विशेषज्ञ समिति की बैठक का आयोजन डॉ. रामकृष्ण अरकलगुड़, से.नि. संचालक, भारतीय प्राणी सर्वेक्षण बैंगलोर की अध्यक्षता में दिनांक 25.08.2023 को भोपाल में किया गया। समिति द्वारा आई.यू.सी.एन. मापदण्ड के आधार पर प्रदेश में पाये जाने वाले पादप एवं जन्तुओं की प्रजातियों को Threat Status अनुसार चिन्हित करने तथा उन्हें अधिसूचित किये जाने हेतु Guidelines for Assessment of Threat Status and notification of species of Flora and Fauna of Madhya Pradesh दिशानिर्देश तैयार किये गये।

समिति की बैठक में समिति सदस्य डॉ. अजीत कुमार श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, एवं सदस्य सचिव, मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड, डॉ. सूमा तगादुर, एस. आई.यू.एन. सदस्य एवं सहायक प्रोफेसर टी.डी.यू. एफ.आर.एच.टी. बैंगलौर, डॉ. ओ.एन. मौर्य, वैज्ञानिक –डी बी.एस.आई, सी.आर.सी., प्रयागराज, उत्तर प्रदेश, डॉ. रवि उपाध्याय, वनस्पति शास्त्र, प्रो. एस.बी.एस. शासकीय कॉलेज, पिपरिया, नर्मदापुर म.प्र.,डॉ. मुकेश दीक्षित, प्राणि शास्त्र, प्रो. सरोजिनी नायडू, शासकीय पी.जी. महाविद्यालय, शिवाजी नगर भोपाल, डॉ. बकुल लाड, सहायक सदस्य सचिव, (सी.एण्ड.डी), मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड भोपाल, डॉ. एलिजाबेथ थॉमस, सहायक सदस्य सचिव, (बायो), मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड भोपाल एवं श्री सुमित कुमार जैन, सहायक सदस्य सचिव, (प्रशा./वित्त), मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड भोपाल

बैठक में समिति द्वारा 42 पादप प्रजातियों एवं 11 जंतुओं की प्रजातियों को आई.यू.सी.एन. वर्गीकरण अनुसार सूचीबद्ध किया गया है। जिसमें से 30 पादप प्रजातियों एवं 11 जंतुओं की प्रजातियों के जैवविविधता नियम, 2002 के धारा– 38 के प्रावधानों के अंतर्गत अधिसूचित किये जाने हेतु अनुमोदन किये गये है।




**Meeting of committee constituted for threatened species of flora & fauna अंतर्गत गठित समिति की दिनांक 25.08.2023 को पलाश रेसींडेसी भोपाल में बैठक आयोजित की गई।**

# अनुसंधान एवं दस्तावेजीकरण

मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड की गतिविधियों में अनुसंधान एवं दस्तावेजीकरण एक प्रमुख गतिविधि है, जिसके अंतर्गत जैव विविधता के विभिन्न पहलुओं पर अध्ययन/दस्तावेजीकरण कार्य उपयुक्त संस्थानों/गैर शासकीय संगठनों/विशेषज्ञों से कराया जाता है। मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड की परियोजना अनुमोदन समिति की बैठक दिनांक 25.08.2023 को होटल पलाश के सभाकक्ष में आहूत कर बोर्ड में प्राप्त निम्नलिखित वृहद परियोजना प्रस्तावों को स्वीकृत किया गयाः—

| S. No. | Title of Project | Executing Agency | Project Cost (Rs in Lakh) |
|---|---|---|---|
| 1 | Molecular Characterization of Mulki Cattle of Betul distict of M.P. | Nanaji Deshmukh Veterinary Science University, Jabalpur | 08.88 |
| 2 | A Pilot Study on Biodiversity Assessment & Ecological Status of Major Wetlands in Forest Divisions of Panna & Seoni Region of M.P. | Amay Environmental Consultancies, Bhopal | 20.20 |
| 3 | Biodiversity Assessment & Ecological Status of Major Wetlands in Forest Divisions of Chambal Eco-region in M.P. | Samvedna A Society For Global Concerns, Bhopal | 24.09 |



**परियोजना अनुमोदन समिति की बैठक होटल पलाश में आयोजित की गई**

## मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड की 20वीं बोर्ड बैठक का आयोजन

म.प्र. राज्य जैवविविधता बोर्ड की 20वीं बोर्ड बैठक श्री इकबाल सिंह बैंस, मुख्य सचिव, मुख्य सचिव, म.प्र. शासन एवं अध्यक्ष, जैवविविधता बोर्ड की अध्यक्षता में दिनांक 27.09.2023 मुख्य सचिव, म.प्र. शासन के प्रतिकक्ष, वल्लभ भवन, भोपाल में सम्पन्न हुई।

बैठक में श्री रमेश कुमार गुप्ता, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख, मध्यप्रदेश पदेन सदस्य, राज्य जैवविविधता बोर्ड, डॉ यू. एस. ठाकुर, प्रतिनिधि, कुलपति, जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय पदेन सदस्य, राज्य जैवविविधता बोर्ड, डॉ अतुल कुमार श्रीवास्तव, सदस्य सचिव, मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड उपस्थिति हुये।

## ध्वजारोहण कार्यक्रम – 2023

मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा जैवविविधता सीख एवं प्रदर्शन केन्द्र (डेमो सेन्टर) सूरज नगर भोपाल में डॉ. एलिजाबेथ थॉमस, सहायक सदस्य सचिव (बायो.) द्वारा आजादी के 77वें वर्षगांठ स्वतंत्रता दिवस के अवसर दिनांक 15 अगस्त 2023 ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण कार्यक्रम में बोर्ड के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित हुये।



**डॉ. बकुल लाड, सहायक सदस्य सचिव, (सी.एण्ड.डी.) एवं डॉ. एलिजाबेथ थॉमस, सहायक सदस्य सचिव (बायो) द्वारा दिनांक 15 अगस्त 2023 ध्वजारोहण किया गया।**

## जैवविविधता समाचार पत्रों में ...............



दैनिक जागरण 02

### जैव विविधता प्रबंधन समिति की तृतीय बैठक का आयोजन

**जागरण, सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय सतना तथा मध्य प्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड, भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में जनपद पंचायत नागौद जिला सतना के सभागार में जैव विविधता प्रबंधन समिति नागौद की तृतीय बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक लोक जैवविविधता पंजी के परियोजना अन्वेषक डा. राम लखन सिंह सिकरवार के निवेदन पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नागौद कल्पना यादव द्वारा आहूत की गई। बैठक में जनपद पंचायत नागौद की जैव विविधता प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों सहित कृषि, वन, उद्यानिकी, मत्स्य, पशुपालन तथा शिक्षा विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता जैव विविधता प्रबंधन समिति के वरिष्ठ सदस्य रामलाल सिंह परिहार ने की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य मध्य प्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड, भोपाल द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप लोक जैवविविधता पंजी निर्माण में विभिन्न गांवों में आयोजित की गई पीआरए बैठकों द्वारा संकलित समस्त जानकारी का सत्यापन विभिन्न संस्थाओं के विषय विशेषज्ञों द्वारा किया जाना था। डॉ राम लखन सिंह सिकरवार ने सर्व प्रथम भारतवर्ष में उपलब्ध जैवविविधता,उसके महत्व, विनाश के ख़तरों, उसके संरक्षण के साथ-साथ जिला जनपद पंचायत व ग्राम पंचायत स्तर पर लोक जैवविविधता पंजी निर्माण की आवश्यकता क्यों पर समिति के सदस्यों व आमंत्रित सदस्यों को अवगत कराया।

**बुक पोस्ट**

प्रति,

.......................................................................

.......................................................................

.......................................................................

प्रेषक –

**मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड**
प्रथम तल, किसान भवन,
अरेरा हिल्स, भोपाल – 462011 (मध्यप्रदेश)
फोन : 0755–2554549, 2554539, 2764911
ई–मेल : mpsbb@mp.gov.in
वेबसाईट : www.mpsbb.mp.gov.in

**संरक्षक**

**डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव**
**सदस्य सचिव**

**संपादक मण्डल**

डॉ. बकुल लाड
सहायक सदस्य सचिव
(सी. एण्ड. डी)

डॉ. एलिजाबेथ थॉमस
सहायक सदस्य सचिव
(बायो)

सुमित कुमार जैन
सहायक सदस्य सचिव
(प्रशा./वित्त)